# कोचीन सीमाशुल्क समाचार पत्रिका

# Cochin Customs News Letter



श्री पुल्लेला नागेश्वर राव,
मुख्य-आयुक्त





श्री सुमित कुमार,
आयुक्त





| सम्पादक मण्डल |
| --- |
| सुमित कुमार, भा. रा. से. - सीमाशुल्क आयुक्त |
| बी. जी. कृष्णन, भा. रा. से. - संयुक्त सीमाशुल्क आयुक्त |
| लखी नारायण दास , भा. रा. से. - सहायक सीमाशुल्क आयुक्त |
| मनोज कुमार - सीमाशुल्क अधीक्षक (निवारक) |
| किरण अय्यर वी. - कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक |


अंक-9 फरवरी, 2019

# संपादकीय

सीमाशुल्क गृह, कोचीन के डिजिटल मासिक पत्रिका का नवाँ अंक आपके समक्ष प्रस्तुत है। इस पत्रिका का उतरोत्तर सफल प्रकाशन कार्यालय में राजभाषा हिन्दी के प्रति अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग तथा मार्गदर्शन को दर्शाता है| वेब साईट, फेस बुक, ट्विटर तथा विभिन्न व्हाट्स एप ग्रूपों जैसे सूचना के नवीनतम माध्यमों से हजारों लोगों को यह पत्रिका उपलब्ध हो रही है और सराही गई हैं| पत्रिका के निर्माण में जब सभी की सक्रिय सहभागिता मिले तब इसका उद्देश्य और भी सार्थक हो जाता है| यह पत्रिका अधिकारियों/कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों की सृजनशीलता को उभारकर उन्हें एक मंच प्रदान करने का माध्यम भी बनी है।

कार्यालय में मनाए जा रहे विभिन्न उत्सव सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को उनकी व्यस्तता के बीच एक अलग सी स्फूर्ति तथा अपनेपन का एहसास कराते हैं |

हम सभी का यह दायित्व है कि हमारी इस पत्रिका को विकास के सोपानों पर अग्रणी बनाने में सहयोग करें| यह पत्रिका कार्यालय से संबन्धित सूचनाओं से परिपूर्ण है और इस पत्रिका रूपी सरिता का निरंतर प्रवाह आप सभी के सहयोग से ही संभव हो सकता है| आपकी सृजनशीलता तथा आपका कौशल इस पत्रिका के और अधिक विकास और विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पाठकों से विनम्र अनुरोध है की यदि पत्रिका में किसी भी प्रकार के सुधार आवश्यक है तो इस संबंध में आप सभी के सकारात्मक सुझावों का स्वागत है।

आपका,


सुमित कुमार, भा. रा. से.

आयुक्त

# <u>तस्करी विरोधी प्रशिक्षण</u>

दिनांक 25.02.2019 से 08.03.2019 तक नासेन द्वारा तस्करी विरोधी प्रशिक्षण आयोजित किया गया| जिसमें इस कार्यालय से 12 लोगों को नामित किया गया| इस प्रशिक्षण के दौरान उपर्युक्त विषय पर कक्षाएँ चलाई गई| प्रशिक्षण के उपरांत जूम्बा तथा योगा कक्षाएँ भी चलाई गई जिसका अधिकारियों/कर्मचारियों ने बहुत आनंद उठाया| इस प्रकार ये कक्षाएँ ज्ञानवर्धक तथा मनोरंजक रही|









# सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विजय पताका

प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी राजस्व विभाग के अंतर्गत आने वाले कार्यालयों हेतु संयुक्त सांस्कृतिकोत्सव का आयोजन किया गया| जिसमें कार्यालय के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया| इन प्रतियोगिताओं में से समूह नृत्य प्रतियोगिता में तो इस कार्यालय के दल ने अपनी प्रस्तुति से हर जगह अपना लोहा मनवा लिया| इस दल ने दिनांक 22.01.2019 को कोचीन में आयोजित उप ज़ोन की प्रतियोगिता में जीत हासिल की| इसके पश्चात 18.02.2019 तथा 19.02.2019 को कोचीन में आयोजित दक्षिण ज़ोन प्रतयोगिता में सफलता का परचम लहराया| राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिताओं में सारे भारत से आई बेहतरीन टीमों के बीच अपना प्रस्तुतीकरण देना ही एक बड़ी बात है| दिनांक 25.02.2019 तथा 26.02.2019 को कोलकाता में आयोजित राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता में इस कार्यालय के समूह नृत्य दल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर कार्यालय को गौरवान्वित किया|

कार्यक्रम की झलकियाँ:-









2019-2-25 19:48




CULTURAL BOARD
URAL MEET 2018-19
POCO
SHOT ON POCO F1




Baabu
MOSHAAY
Zindagi
Lambi
Believe
Achieve
#FRIYAY

# राजभाषा सम्मेलन

दक्षिण तथा दक्षिण पश्चिमी क्षेत्रों के लिए एक राजभाषा सम्मेलन तथा पुरस्कार वितरण समारोह कोचीन विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय कोचीन,एर्णाकुलम कोचीन में दिनाक 14 फरवरी 2019 को आयोजित किया गया|इस सम्मेलन में वर्ष 2017-18 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों को पुरस्कृत किया गया| सम्मेलन के मुख्य अतिथि केरल राज्य के महामहीम राज्यपाल तथा अध्यक्ष माननीय सचिव (राजभाषा), गृह मंत्रालय थे| उत्कृष्ट कार्य हेतु केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कार्यालय को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया |














# कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए आई)

(एन ललिता, सीमाशुल्क अधीक्षक (निवारक),
मातृभाषा- तमिल)

हिट किया चीन, ए आई मछली तीन

टकराया जापानी तीर किसी ने सोचा 'डोनाल्ड' है वीर |

बात थी लेकिन गंभीर नीला पानी ही है जंजीर

माँ की गोदी है निशानी, न ही इमरानी, पर इंद्राणी

या तो डोनाल्ड या चीनी की बाणी||

माँ की नयनन मछली, बेचारी देखी जाली |

जालिम ने किया ट्वीट 'पिंग' ने दोहराया स्वीट |

देखे आपने जापानी दुश्मनी याद है पागल कुत्ते की कहानी |

काटा था उसने ईसाई प्रीस्ट दानी, पर कुत्ता मार गया, प्रीस्ट हँस के जानी ||

चीन भारत भाई-भाई दुहराया वही कहानी

यू। एस। हिंदुस्तान जानी जानी हिन्दू महासागर है मैदानी|

आँख मिचौली खेलते हम, मोती पिंग डोनाल्ड और राहुल दीवानी|

कहै "सुमित" नमो ज्ञान दे एक आध उपरंत |



# होली आई रे !



किरण अय्यर वी
कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक

सजनी देखो आ गई होली
हँसो सुख से गाओ जी भर मस्ती में झूम जाओ हर दम
इन खुशियों की बेला में भूल जाओ तू अपने गम |
हंसी की ये है हमजोली देखो सजनी देखो आ गई होली |

सुख बरसे जीवन में हर क्षण
मस्ती की बस लगी रहे लगन
कण-कण में यौवन बिखराती
रंग गिराती शोर मचाती मन को मदमस्त कर जाती
तुम्हारी ये सुंदर सी एली देखो सजनी देखो आ गई होली |

वसंत ऋतु का गान सुनाती , मन को विस्मय से भरमाती |
मन के भीतर के दानव को मारे सुख से सबका हृदय पुलकाती |
तुमसी है प्यारी तुमसी है भोली देखो सजनी देखो आ गई होली |

उड़ते राग गुलाल और  उन पर तेरे केशुओं के जाल
गूंज रहा जीवन में प्रतिपल सुमधुर रागों का ताल
सबको मस्ती से पूर्ण कर  मस्तों के साथ ये भी मस्त हो ली |
आओ मेरे संग और देखो सजनी देखो आ गई होली |

# स्वच्छता समाचार

इस कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध हैं। इसका एक उदाहरण श्री मनोज कुमार ने प्रस्तुत किया जो कि इस कार्यालय में सीमाशुल्क अधीक्षक (निवारक) के पद पर तैनात हैं। जब वे छुट्टी पर अपने गृहनगर बिहार के गया जिले में गये हुए थे तो उन्होंने वहॉ अपने निवास स्थान राजकुमार नगर, ललितनगर, दंडीबाग में व्याप्त गंदगी को देखकर उनसे रहा नहीं गया जिसके कारण उन्होंने वहॉ के स्थानीय वार्ड पार्षद एवं नगर निगम आयुक्त को आवेदन दिया लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने अपने मुहल्ले के कुछ लोगों की एक टीम बनाकर खुद सफाई की, नालियों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इसके लिए उन्होंने अपने खुद के पैसे से मास्क, दस्ताने एवं ब्लीचिंग पाउडर भी खरीदे एवं लोगों में उसका वितरण भी किया। मनोज कुमार बताते हैं कि अपने आस-पास के परिवेश को स्वच्छ रखने की प्रेरणा उन्हें अपने कार्यालय सीमाशुल्क गृह, कोचीन एवं विलिंगडन आईलैंड स्थित कस्टम आवासीय परिसर में समय-समय पर चलाये जाने वाले स्वच्छता अभियान तथा स्वच्छता पखवाड़े के अवसर पर आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं से मिली। उनका कहना है कि शहरों में पढ़े-लिखे लोगों के होने के बावजूद भी स्वच्छता के प्रति अभी भी जागरूकता का काफी अभाव है और जब तक लोगों की भागीदारी स्वच्छता अभियान में नहीं होगी तब तक स्वच्छ भारत का सपना साकार नहीं हो सकता। शहरों की तुलना में गॉंवों में अपेक्षाकृत गंदगी कम है लेकिन वहॉ खुले में शौच की बहुत बड़ी समस्या है। सरकार आजकल गॉव में शौचालय बनाने के लिए 12,000 रूपये सरकारी सहायता भी देती है लेकिन गलत मानसिकता के कारण लोग अभी भी शौचालय बनाने से कतराते हैं

एवं खुले में शौच जाने से गुरेज़ नहीं करते। 12,000 रूपये की सरकारी सहायता प्राप्त करने के लिए भी अनपढ़ ग्रामीणों को अपनी चप्पलें घींसनी पड़ती है और अंततः उन्हें बिचौलियों का सहारा लेना पड़ता है जिसके एवज में उन्हें एक मोटी रकम भी देनी पड़ती है। मनोज कुमार बताते हैं कि उनका पैतृक गांव बिहार के गया जिले से 45 किलोमीटर दूर नक्सल प्रभावित बाराचट्टी प्रखंड स्थित दिवनियां पंचायत के सोख्या नामक गांव है। यहां अभी भी कुछ ही लोगों के घरों में शौचालय है और जिनके घरों में है वो भी यदा-कदा खुले में हीं शौच करने जाते हैं। उनका कहना है कि जब भी वे अपने पैतृक गॉव जाते हैं तो लोगों को इस संबंध में जागरूक अवश्य बनाते हैं एवं सरकारी कामों में हो रही परेशानियों में उन्हें खुलकर मदद करते हैं।

“हिन्दुस्तान” दैनिक एवं “आज” दैनिक समाचार पत्रों की सुर्खियां बटोरती खबर तथा कुछ चित्र



## दंडीबाग में चलाया गया सफाई अभियान

शहर के दंडीबाग में सफाई अभियान चलाकर सफाई करते अधिकारी व लोग।

गया | प्रधान संवाददाता

गया। दंडीबाग निवासियों ने मोहल्ले में सफाई अभियान चलाया। कोच्चि से आए मनोज कुमार ने स्थानीय लोगों की टीम बनायी और आसपास के इलाके को साफ किया।

कोच्चि केरल में सीमा शुल्क अधीक्षक के पद पर तैनात मनोज कुमार ने बताया कि उनका घर गया है। घर की शादी में शामिल होने वे गया आए थे। गंदगी देखी तो रहा नहीं गया। आसपास के लोगों की टीम बनाकर सफाई में लग गया। मनोज कहते हैं कि उन्हें पता है कि इससे पूरी सफाई नहीं हो पाएगी लेकिन लोगों में संदेश जाएगा और लोग जागरुक होंगे। स्थानीय लोगों ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार की अच्छी पहल है। मोहल्ले में हुए सफाई अभियान में रामवतार प्रसाद, गंगा प्रसाद, अभिनव कुमार, विक्की कुमार, गुड्डू कुमार, संटू कुमार आदि शामिल थे। मनोज कुमार ने सफाई के बाबत नगर आयुक्त व वार्ड पार्षद को सफाई के लिए आवेदन भी दिया है।



## स्वच्छता अभियान में जन भागीदारी जरूरी

गया। दंडीबाग स्थित ललित नगर मुहल्ले में स्वच्छ भारत अभियान के तहत जन सहयोग से सफाई कार्यक्रम संपन्न किया गया। इसकी भूमिका केरल के कोच्ची में सीमा शुल्क अधीक्षक के पद पर नियुक्त मनोज कुमार के नेतृत्वमें बनायी गयी और उसे अमली जामा पहनाया गया। ज्ञात हो कि सरकार के दावे के विपरीत कहीं-कहीं शत प्रतिशत असफल है तो 25 प्रतिशत से अधिक कहीं भी देखने सुनने को नहीं मिलता है। गंदगी के विरूद्ध ही लोगों ने सफाई अभियान को अपने हाथों में लिया उसे मुकाम तक पहुंचाया। सफाई कार्यक्रम में रामावतार प्रसाद, गंगा प्रसाद, अभिनव कुमार, शंटु कुमार आदि ने पूरे मुहल्ले का कूरा-कचरा इकट्ठा किया और एक निश्चित जगह पर उसे रखा। मनोज कुमार सहित कई लोगों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन नगर निगम आयुक्त सहित कई अधिकारियों और जन प्रतिनिधि को भेजा है। जिसमें ललित नगर में साफ-सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव आदि की मांग की गयी।


2019/2/26 14:16






2018/10/18 12:49


2019/3/3 12:20



2018/10/18 13:31






2019/3/3 12:17


2018/10/18 13:25






**कृते: श्रीमती नीलिमा के**

**(श्री विनय कृष्णदासी, वरिष्ठ कर सहायक की पत्नी )**